केवल आंतरिक वितरण हेतु

# सृजन

**नवम्बर, 2022**

## फैडरेशन द्वारा आयोजित अरबन बैंक के संचालकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिजर्व बैंक महाप्रबंधक श्री मुकेश कुमार ने किया सम्बोधित





दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बेंक्स फैडरेशन द्वारा राजस्थान राज्य में कार्यरत अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के निर्वाचित संचालकों के लिये होटल चन्द्रगुप्त फोर्ट, सिंधी कैम्प, जयपुर में 17–18 नवम्बर, 2022 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 17 नवम्बर को आयोजित प्रथम सत्र में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार अरबन बैंक द्वारा अपने संचालकों को प्रशिक्षण की व्यवस्था करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बैंक के संचालकों को बैंक कार्य में उनकी भूमिका की पूरी जानकारी होनी चाहिये तथा सहकारी कानूनों तथा रजिस्ट्रार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जानी चाहिये।

17 नवंबर को लंच के बाद आयोजित सत्र में भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक श्री मुकेश कुमार ने प्रतिभागियों से खुल कर चर्चा की तथा बैंक की प्रगति में उनकी भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने बैंक के ऋण व्यवसाय एवं अमानतों की बढ़ोतरी के लिये पुराने ग्राहकों के साथ–साथ नये ग्राहकों की वर्तमान एवं भावी आवश्यकताओं का आंकलन कर उनके अनुसार योजना बनाने व नीति निर्धारण की सलाह दी। उन्होंने देश में कार्यरत विभिन्न प्रकार की बैंकों, उनके कार्यों एवं जीडीपी में अरबन बैंकों के योगदान के बारे में भी बताया तथा वर्तमान प्रतिस्पर्द्धात्मक वातावरण में अरबन बैंकों के स्थायित्व की चुनौती का सामना करने की आवश्यकता है।

18 नवम्बर को प्रातःकालीन सत्र में फैडरेशन के निदेशक श्री ए.के.शाह ने बताया कि राजस्थान की अरबन को–ऑपरेटिव बैंकें अनुसूचित नहीं हैं। श्री शाह ने कहा कि बैंक के कार्यों के संबंध में प्रत्येक निर्णय संचालक मंडल में होने चाहिये। संचालक मंडल की बैठकों के विचारणीय विषयों में रिजर्व बैंक के परिपत्रों पर चर्चा तथा संचालक मंडल द्वारा पूर्व बैठकों में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही को सम्मिलित करना चाहिये। संचालकों को समय–समय पर शाखाओं पर जाकर वहां की व्यवस्था तथा कार्यों की समीक्षा करनी चाहिये परंतु सीधे कोई आदेश जारी करने से बचना चाहिये। उन्हें अच्छे कार्यों के लिये कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना चाहिये। बैंक का व्यवसाय बढ़ाने के लिये बैंक की अच्छी छवि बनाने का प्रयास करना चाहिये। श्री शाह ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत शंकाओं व जिज्ञासाओं का समाधान किया।







## राज्य के 6 अरबन बैंकों के निर्वाचन आदेश जारी

राज्य सहकारी निर्वाचन अधिकारी द्वारा राज्य के 6 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के निर्वाचन आदेश जारी किये गये हैं जिनमें राजलक्ष्मी महिला अरबन बैंक जयपुर के 4 दिसम्बर को, दौसा एवं उदयपुर अरबन बैंक के 12 दिसम्बर को तथा बारां, ब्यावर एवं धौलपुर बैंक के लिये मतदान की तिथि 17 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

# सूचना व तकनीकी युग में नवाचार से ही आगे बढ़ना संभव : डॉ. सेठिया

## >> अरबन बैंक ने मनाया 69 वां सहकार सप्ताह

**चित्तौड़गढ़, 18 नवम्बर (कासं.)।** बैंकिंग सहित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सूचना एवं तकनीकी व प्रतिस्पर्धा के युग में आगे बढ़ने के लिए नवाचार को अंगीकार करना जरूरी है। जमाना बदल रहा है और यदि हम जमाने के अनुसार कदम से कदम मिलाकर नहीं चले तो फिर सफलता के साथ जीवन में आगे बढ़ना संभव नहीं होगा।



यह विचार रेफकब निदेशक एवं चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष डॉ आईएम सेठिया ने सहकार सप्ताह के चौथे दिन आयोजित नवाचार विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा की अरबन बैंक द्वारा समय समय पर नवाचार को अंगीकार करने का ही परिणाम है कि हम राष्ट्रीयकृत व निजी बैंकों के समकक्ष सेवाएं दे पा रहे है। समारोह के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक की सेवानिवृत प्रबंधक और जनचेतना मंच महिला शाखा की प्रांतीय अध्यक्ष राजश्री गांधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन के हर कदम पर सहकारिता का भाव होना अत्यंत जरूरी है। सीमित साधनों के बावजूद सहकारी बैंकों ने नवाचार को अंगीकार कर ग्राहकों को सेवाए देने का ही परिणाम सहकारिता के प्रति प्रगाढ़ जनविश्वास का होना है। समारोह के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नाना लाल चावला ने कहा कि सरकारी योजनाओं का सीधा व त्वरित लाभ ग्राम स्तर तक मिल रहा है यह नवाचार का ही परिणाम है। विशिष्ट अतिथि अधिशाषी अधिकारी सुनील जागेटिया सहकार संघ के सचिव घनश्याम कुमावत, अरबन बैंक निदेशक हेमंत कुमार शर्मा व पूर्व उपरजिस्ट्रार एवं बैंक निदेशक राधेश्याम आमेरिया ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नवाचार के कारण ही हो पाया है। विचार गोष्ठी में अरबन बैंक के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋषभ सुराणा, जन चेतना मंच के प्रांतीय मंत्री नंदकिशोर पारीक, झांतला माता समिति के निर्भय शंकर जोशी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में प्रबंधक प्रशासन जे.पी. जोशी, ऋण अधिकारी राजेश अवस्थी, अधिकारी राकेश दशोरा, अनिरुद्ध मालू अभिषेक टेलर, निखिल तनवानी, मनीष पाराशर, मुकेश लड्ढा ने अतिथियों का उपरणा से स्वागत अभिनंदन किया। संचालन महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल ने किया व आभार व्यक्त प्रबंधक प्रशासन जे पी जोशी ने व्यक्त किया।

## • अरबन बैंक में सहकारिता सप्ताह के तहत कार्यशाला में वक्ताओं ने रखे विचार

# नवाचारों को बढ़ावा देने में अरबन बैंक सर्वोत्तम

भास्कर न्यूज़ | बूंदी

अरबन कोऑपरेटिव बैंक में 69वें सहकार सप्ताह के तहत गुरुवार को नवाचार को बढ़ावा देने में सहकारिता की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई।




बूंदी अरबन बैंक के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन शर्मा।

अरबन बैंक अध्यक्ष सत्येश शर्मा ने कहा कि सहकारिता की भावना को जीवन में आत्मसात कर आपसी सहयोग की भावना से कार्य करना ही मूल उद्देश्य है। बैंक ने युगानुकूल अनेक नवाचार कर आज प्रगति के सोपान तय किए हैं। जिला सहकार संस्थान के अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के एमडी रायसिंह मौजावत, अतिरिक्त रजिस्ट्रार मुकेश गर्ग ने कहा कि नवाचारों को बढ़ावा देने का अरबन बैंक सर्वोत्तम उदाहरण है। कार्यशाला में उपसभापति लटूर भाई, पूर्व चेयरमैन नरेंद्रसिंह राणावत, पूर्व उपाध्यक्ष फनीभूषण सुरलाया, संचालक मंडल के सदस्य चतुर्भुज गुप्ता, राजेंद्र भारद्वाज, विकास सुरलाया, गयासुद्दीन अंसारी, लक्ष्मीचंद गुप्ता, थानमल वर्मा, राजेंद्र बाहेती, पूर्व सदस्य प्रमोद शर्मा, रमेशचंद वर्मा, गणमान्य नागरिक व अंशधारी शामिल रहे। संचालन बैंक उपाध्यक्ष युद्धराज सोनी ने किया। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद उस्मान ने स्वागत संबोधन दिया।

भास्कर – दि.18–11–2022

# उदयपुर महिला समृद्धि बैंक ने मनाया सहकार सप्ताह

## बिना संस्कार नहीं सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धार–सारंगदेवोत




दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑप. बैंक लि. द्वारा 14 से 20 नवम्बर तक सहकार सप्ताह मनाया गया। बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन ने बताया कि सप्ताह के प्रथम दिवस 14 नवम्बर 2022 को ''सहकारिता क्षेत्र में 'ईज ऑफ डूईंग बिजनेस' जैम और निर्यात संवर्धन'' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई । दीप प्रज्जवलन एवं पोस्टर विमोचन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

मुख्यवक्ता राजस्थान विद्यापीठ के वाईस चांसलर श्री शिवसिंह जी सारंगदेवोत ने विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बिना संस्कार नहीं सहकार एवं बिना सहकार नहीं उद्धार के मूल मंत्र द्वारा सहकारिता निरंतर 100 से अधिक वर्षों से भारत में कार्य कर रही है। 55 से अधिक प्रकार की छः लाख से अधिक सहकारी संस्थाऐं अनवरत चल रही है जिनमें कुछ संस्थाऐं तो इतनी बडी है कि वे विश्व पटल पर चुनौती दे रही है।

मुख्य अतिथि डॉ. अश्विनी वशिष्ठ ने कहा कि सहकारिता में उदयपुर महिला समृद्धि बैंक एक अनुपम उदाहरण है एवं ऐसी सहकारी संस्थाऐं ही भारत की रीढ़ के रुप में कार्य कर रही हैं।

विशिष्ठ अतिथि श्री प्रमोद सामर ने सहकारिता का मूल उद्देश्य छोटे से छोटे व्यक्ति को जोडते हुए उसका विकास करना तथा सहाकरिता का लाभ अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचाना है।

बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विनोद चपलोत ने बैंक की जानकारी देते हुए बताया कि महिला समृद्धि बैंक सहकारिता में नवाचार के माध्यम से निरंतर नई उंचाईयां छू रहा है।

जिला सहकार संघ अध्यक्ष श्री डायालाल लबाना ने सहकार संघ की ओर से सभी आमंत्रित अतिथियों एवं गणमान्य सहकारविदों का आभार ज्ञापित किया।

समारोह में बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती विमला मूंदड़ा, निदेशक श्रीमती संजना मीणा, श्रीमती चारु जैन, श्रीमती कंचन केसर सोनी, डॉ. महिमा सामर जैन, श्रीमती मंजु शर्मा, श्रीमती निशा सालवी, श्रीमती सुमन कोठारी, श्रीमती सुशीला मांडावत, श्रीमती विद्याकिरण अग्रवाल, श्रीमती मीना चौहान, श्रीमती सुभाषिनी शर्मा, एडवोकेट श्रीमती रीतापूरी गोस्वामी, सहकार भारती से श्रीमती राजश्री गांधी, श्री गोपाल पालीवाल, जिला सहकार संघ उपाध्यक्ष श्री किरण नागौरीसहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति व सहकारविद् उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन बैंक के मुख्यकार्यकारी अधिकारी श्री विनोद चपलोत ने किया।

### फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेश यात्रा के लिये रवाना

फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा अपने पुत्र से मिलने व कुछ दिनों उनके साथ रहने के लिये 1 दिसम्बर, 2022 को स्वीडन के लिये रवाना हो गये तथा 28 फरवरी, 2023 को वापिस जयपुर लौटेंगे। श्री शर्मा की अवकाश अवधि में उनके पद का कार्य फैडरेशन में कार्यरत प्रबंधक डॉ0 प्रहलाद कुमार गुप्ता संभालेंगे।

# अरबन बैंकों ने आयोजित किये ग्राहक जागरूकता सम्मेलन



भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देश में माह नवम्बर, 2022 में ग्राहक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें राज्य के अरबन बैंकों को भी सम्मिलित किया गया है। दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राजस्थान राज्य में कार्यरत 9 अरबन बैंकों यथा बारां नागरिक सहकारी बैंक, भरतपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक, राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि. जयपुर, रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंक लि., जयपुर, पाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक, सवाईमाधोपुर अरबन को–ऑप. बैंक, आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक, उदयपुर महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक एवं उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का चयन किया गया है। इन सभी बैंकों द्वारा ग्राहक जागरूकता सम्मेलन आयोजित जा रहे हैं।

जयपुर में राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक द्वारा ऐसा आयोजन 21 नवम्बर, 2022 को बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमें बैंक के प्रबंध निदेशक श्री लीला पुरषोत्तम व महाप्रबंधक श्री डी0 एस0 नरूला के साथ अन्य अधिकारी व शाखा प्रबंधक भी उपस्थित थे। इस संबंध में बैंक की दोनों शाखाओं के सम्मानीय ग्राहकों को आमंत्रित किया गया जिन्हें बैंकिंग परिचालन में बरतने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में दि राजस्थान अरबन को–ऑप. बैंक्स फैडरेशन लि.के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

जयपुर में राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक द्वारा ऐसा आयोजन 21 नवम्बर, 2022 को बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमें बैंक के प्रबंध निदेशक श्री लीला पुरषोत्तम व महाप्रबंधक श्री डी0 एस0 नरूला के साथ अन्य अधिकारी व शाखा प्रबंधक भी उपस्थित थे। इस संबंध में बैंक की दोनों शाखाओं के सम्मानीय ग्राहकों को आमंत्रित किया गया जिन्हें बैंकिंग परिचालन में बरतने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

उपस्थित ग्राहकों को सम्बोधित करते हुए श्री एम. एल. शर्मा ने बताया कि राज्य के अरबन बैंक अपने अपने क्षेत्र में ग्राहकों को सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने ग्राहको को बैंक द्वारा दी जा रही विभिन्न प्रकार की सेवाओं व सुविधाओं, डिजीटल लेन–देन, विभिन्न प्रकार के बिलों का भुगतान डिजीटल करने व साईबर अपराधियों से बचने के लिये बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। श्री शर्मा ने छोटी छोटी बचत करने की आदत से जीवन में होने वाले महत्वपूर्ण लाभों की जानकारी के साथ–साथ भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका व कार्यों के बारे में बताया।

दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि0, जयपुर द्वारा अपने सदस्य बैंकों को आंतरिक वितरण हेतु प्रकाशित